Government of India

Media Scanning & Verification Cell

Media alert from the Media Scanning & Verification Cell, IDSP-NCDC.

Alert ID	Publication Date	Reporting Date	Place Name	News Source/Publication Language
7604	01.08.2023	01.08.2023	Chandauli Uttar Pradesh	www.amarujala.com /Hindi https://www.amarujala.com/uttar-pradesh/chandauli/chaurhat-is-also-in-the-grip-of-diarrhea-girl-died-24-sick-chandauli-news-c-189-1-svns1012-563-2023-08-01
Title:	**Chaurhat is in the grip of diarrhea, girl child died, 24 sick in Chandauli, Uttar Pradesh**			
Action By CSU, IDSP –NCDC	Information communicated to DSU – Chandauli, SSU- Uttar Pradesh			

जिले में डायरिया तेजी से पसर रहा है। चौरहट गांव की महमुदाबाद बस्ती डायरिया की चपेट में आ गई है। बस्ती में उल्टी-दस्त से एक बालिका की मौत हो गई जबकि 24 लोग बीमार हैं। रविवार को डायरिया से इलिया के बरियारपुर गांव के दलित बस्ती में एक युवक की मौत हो गई थी। नौगढ़ के मगरही गांव में बीमार लोगों की संख्या 100 के पार पहुंच गई।

नियामताबाद विकास खंड अंतर्गत चौरहट गांव के नई बस्ती महमूदाबाद में रविवार की सुबह गांव में बोरिंग का पानी पीने के बाद लोग बीमार पड़ने लगे। परिवार वालों को बीमारों को निजी अस्पताल में भर्ती कराया।

सोमवार की सुबह उल्टी-दस्त की शिकायत के बाद गांव निवासी मोहम्मद असलम की चार वर्षीय पुत्री लीबा ने दम तोड़ दिया। उनका बड़ा बेटा मोहम्मद उमेद (5) बहन चांदनी (22) शबनम (40) की तबीयत ज्यादा खराब होने लगी तो पास के एक क्लीनिक में दिखाया गया। गांव के 24 से अधिक लोग बीमारी चपेट में आ गए हैं।

चिकित्सकों की आठ सदस्यीय टीम मोहम्मदाबाद बस्ती में पहुंची। गंभीर मरीजों को जिला अस्पताल भेजा गया। वसीम अहमद की पुत्री मदीना (6) अमीनुद्दीन की बेटी सारिका (डेढ़ वर्ष) सफीक खान का बेटा अल्तमस (10) , मुस्ताक अली (60), सफीक खान की बेटी सानिया (14) फर्जाना बीबी (35) , निजामुद्दीन

Save Water- Save Life, Save a tree- Don't print unless it's really necessary!

Disclaimer:- This is a media alert subject to verification.

Integrated Disease Surveillance Programme (IDSP), National Centre for Disease Control,
Ministry Of Health & Family Welfare, Government of India
22-Sham Nath Marg, Delhi – 110 054
For more information please contact: Media Scanning & Verification Cell: - Phone (011)23946029
Email: - idsp-msc@nic.in, idsp-npo@nic.in
Join us on twitter https://twitter.com/IDSP_MSVC

का पुत्र रेहान सकीना खातून, शाहजहां बेगम (65), युसूफ खान (65), नाजिया बानो (26), खुशबू बानो (15), रहीस खान का बेटा चांद बाबू (25), लाले खान का पुत्र फिरोज (10) , परवीन बीवी (30), नरगिस (25), जमाल (10), सानिया बेगम (14), कल्लू (10), शाहिद खान (22) बीमार को अस्पताल पहुंचाया गया है। गांव में पहुंचने वाली टीम में डॉ. अनिल, प्रतिभा पटेल, पुष्पा, वार्ड बॉय रवि, आनंद कुमार, वसीम, कुसुम देवी, सविता देवी को अस्पताल भेजा गया है। इलिया के बरियारपुर गांव में डायरिया से रविवार को एक युवक की मौत हो गई। फिलहाल गांव में स्थिति काबू में है। नौगढ़ में मगरही में अभी भी सौ से अधिक लोग डायरिया की चपेट में है।

कोट-
बदलते मौसम में फैलता है संक्रमण

बदलते मौसम में डायरिया व दूसरी संक्रामक बीमारियां फैलती हैं। स्वास्थ्य विभाग की टीम सक्रिय है। सूचना मिलते ही चिकित्सकों कों गांवों भेजा जा रहा है। दवाओं की कमी नहीं है। लोगों को बीमारी की सूचना तुरंत देनी चाहिए। -डॉ. वाइके राय, मुख्य चिकित्साधिकारी

इनसेट-
मगरही गांव में लगा सफाई कर्मियों का जमावड़ा

संवाद न्यूज एजेंसी

नौगढ़। मगरही में चिकित्सकों की टीम लगातार निगरानी कर रही है लेकिन डायरिया पर काबू नहीं पाया जा सका है। पीड़ितों की संख्या सौ से अधिक हो गई है। सोमवार को गांव की व्यापक सफाई कराई गई। हीरा यादव, सुहानी, अखिलेश, दयानंद, विजयलाल, सुरेंद्र, चंद्रावती की हालत गंभीर होने पर जिला अस्पताल भेजा गया। लालव्रत (50), सुरेंद्र (35), विजय लाल (60), चंद्रावती (34), सुहानी 15 माह, सुमति (13),अमन (10) लक्ष्मीना (32), सूर्यभान (25), रामसेवक (75), सुनील (13), आयुष (4), सुभाष (17), पूजा (26), नेहा (16), महावीर (40), हीरा (55),प्रीतम 8), रमेश (42), सुंदरी (24), सूरज (10), अखिलेश 20), जसवंती (22), लोरिक (6), लव कुश (21), दयानंद (30), कविता (22), सुनैना (10), सुनील (18), गोलू (15), शिवम (04), सरिता (06) आदि बीमार हैं। गांव की नालियों व कुएं में ब्लीचिंग पाउडर का छिड़काव कराया। जिंक की गोलियां और ओआरएस के पैकेट बांटे गए।

Save Water- Save Life, Save a tree- Don't print unless it's really necessary!

Disclaimer:- This is a media alert subject to verification.

Integrated Disease Surveillance Programme (IDSP), National Centre for Disease Control,
Ministry Of Health & Family Welfare, Government of India
22-Sham Nath Marg, Delhi – 110 054
For more information please contact: Media Scanning & Verification Cell: - Phone (011)23946029
Email: - idsp-msc@nic.in, idsp-npo@nic.in
Join us on twitter https://twitter.com/IDSP_MSVC